Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 09-05-2005

Participants : Singh Shri Chandra Bhushan

an>

Title: Need to sanction the proposal of Government of Uttar Pradesh for setting up of sub-health centres in every Gram Panchayat of the State.

श्री चन्द्रभूाण सिंह (फर्रुखाबाद) : उपाध्यक्ष जी, प्रदेश में र्वा 1991 की जनसंख्या के आधार पर भारत सरकार द्वारा र्वा 2004 में 1944 अतिरिक्त उपकेन्द्र स्थापना की स्वीकृति दी गयी है। इसके पूर्व 18577 उपकेन्द्र स्थापित थे। इस प्रकार उत्तर प्रदेश में कुल 20521 उपकेन्द्र ही होते हैं। वर्तमान में एक उपकेन्द्र लगभग 8,000 से 10,000 की आबादी के मध्य स्थापित है। मातृ एवं शिशु कल्याण तथा जनसंख्या नियंत्रण के लिए जनसामान्य में व्यापक जागरुकता उत्पन्न करने एवं आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में उपकेन्द्र स्थापना किया जाना आ वश्यक है। वर्तमान में प्रदेश में 52028 ग्राम पंचायत हैं। अतः प्रदेश में सम्प्रति स्थापित उपकेन्द्रों तथा भारत सरकार द्वारा फरवरी, 2004 में स्वीकृत अतिरिक्त उपकेन्द्रों को समायोजित करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य उपकेन्द्रों की स्थापना किये जाने हेतु अवशो 31507 अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्रों की स्वीकृति हेतु पत्र संख्या - 3108/9-04-1(5)/2004, दिनांक 18.08.2004 द्वारा सचिव भारत सरकार, परिवार कल्याण विभाग से अनुरोध किया गया है।